लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, 08:05 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

वर्ष 4, अंक 138, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, मंगलवार, 4 अप्रैल 2023

www.amritvichar.com

**PAGE NO : 05 BOTTOM**

व्याख्यान

एसआरएमएस में वर्कशाप 'एयरवे अपडेट 2023' का आयोजन

## विशेषज्ञों ने दिए सर्जरी के दौरान एयरवे के टिप्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज मे आयोजित वर्कशॉप मे मेडिकल छात्रों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

**अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में एनेस्थेसियोलाजी विभाग की ओर से सोमवार को आयोजित सीएमई एंड हैंड्स आन वर्कशाप 'एयरवे अपडेट 2023' में क्रिटिकल सर्जरी के दौरान मरीजों के फेफड़ों तक पर्याप्त आक्सीजन पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों के अनुसार ऑक्सीजन पहुंचाने के सुनिश्चित तरीके को ही चिकित्सकीय भाषा में 'एयरवे' कहा जाता है। यह जीवन रक्षक तरीका है और इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को एनेस्थेसियोलाजिस्ट उठाते हैं।

आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डा.धीरज सक्सेना, प्रिंसिपल डा.एमएस बुटोला, डा. अमित कोहली, डा. राहिल सिंह, डा. कार्तिक रमन, डा. शंकर नारायन, डा.अभिजीत कुमार, एम्स पटना के डा.दीपक कुमार, डा. पल्लवी अहलूवालिया, डा. स्निग्धा सिंह ने व्याख्यान देने के साथ वर्कशाप में विद्यार्थियों को ट्रेनिंग भी दी। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि वर्कशाप से डाक्टर और पीजी विद्यार्थियों को लाभ पहुंचता है। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, डा.गीता कार्की, डा.जूही सरन, डा.केसी शर्मा, डा.गौरव मिश्रा, डा.विश्वजीत सिंह मौजूद रहे। संचालन डा.अलंकृता अग्रवाल ने किया।

# हिन्दुस्तान

1936

मंगलवार

4 अप्रैल 2023, चैत्र शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

**Page No. 04 : Top**

एसआरएमएस में वर्कशॉप एयरवे अपडेट 2023 का आयोजन।

## एनेस्थेसियोलॉजिस्ट बिना सर्जरी नहीं

**बरेली।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एनेस्थेसियोलॉजी विभाग की ओर से सीएमई एंड हैंड्स आन वर्कशॉप एयरवे अपडेट 2023 का आयोजन हुआ। उद्घाटन और वर्कशाप सत्र में हुए इस कार्यक्रम में क्रिटिकल सर्जरी के दौरान ट्रामा के मरीज, ओरल कैंसर के मरीज और अन्य मरीजों के फेफड़ों तक पर्याप्त आक्सीजन पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा हुई।